# कार्यालय पुलिस उपमहानिरीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ

**कार्यालय/फैक्स नम्बर–0121–2708121** **कार्यालय सीयूजी–9454402540** **ई–मेल : ptsme-up@nic.in**

पत्र संख्या–व–8–2015 दिनांक 07.09.2015

## निविदा सूचना

पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ में निम्न उपकरणों हेतु निविदा मुहरबन्द(तकनीकी एवं वित्तीय भाव पत्र अलग–अलग) दिनांक 23–9–2015 को अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैः–

| क0सं0 | उपकरण | संख्या | निविदा फार्म का मूल्य | | निविदा के साथ संलग्न अर्नेस्ट मनी | सम्पूर्ति का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | नकद | बैंक ड्राफ्ट/पोस्टल आर्डर द्वारा | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Deep frize 500k.g. | 6 | 100 | 150 | निविदा में उपकरणों की कुल धनराशि का 2 प्रतिशत | पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ |
| 2 | Multy Station exercise equipment | 2 | 200 | 250 | –तदैव– | –तदैव– |
| 3 | Tread Mill | 5 | 200 | 250 | –तदैव– | –तदैव– |
| 4 | Bench Press | 2 | 100 | 150 | –तदैव– | –तदैव– |
| 5 | Cycline | 4 | 100 | 150 | –तदैव– | –तदैव– |
| 6 | Leg Press | 2 | 100 | 150 | –तदैव– | –तदैव– |
| 7 | Electronic Twister | 1 | 100 | 150 | –तदैव– | –तदैव– |
| 8 | Electronic Vibration | 1 | 100 | 150 | –तदैव– | –तदैव– |
| 9 | Tummy fit | 1 | 100 | 150 | –तदैव– | –तदैव– |

टेण्डर का क्रय किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म की धनराशि नकद भुगतान प्राप्त कर किया जा सकता है। निविदा के साथ निविदा धनराशि का 2 प्रतिशत ई0एम0डी0 लगाया जाना आवश्यक है। निविदा दिनांक 23–9–2015 को 13.00 बजे खोली जायेगी तथा उपकरणों का प्रदर्शन दिनांक 23–9–2015 को 16.00 बजे किया जायेगा। जिस फर्म की निविदा न्यूनतम पाई जायेगी उसे निविदा की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एफ0डी0आर0 के रूप में जमा करनी होगी तथा रू0 100/– के नान जुडिशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबंध पत्र भरना होगा। उपकरणों की सम्पूर्ति कार्य सम्पूर्ति आदेश प्राप्त होने के एक सप्ताह के अन्दर करनी होगी। शेष शर्तें कार्यालय में देखी जा सकती है।

**(महेश कुमार मिश्र)**
पुलिस उप महानिरीक्षक
पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ।

प्रतिलिपि– निदेशक, सूचना एवं जन सर्म्पक विभाग, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त निविदा सूचना को विज्ञप्ति को राजकीय हित में समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

2— उप निदेशक, सूचना अधिकारी, मेरठ को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उक्त निविदा विज्ञप्ति को राजकीय हित में जनपद मेरठ के स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

3— अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उक्त निविदा विज्ञप्ति को उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट पर प्रकाशित/प्रचारित कराने का कष्ट करें।

4— पुलिस उप महानिरीक्षक, प्रशिक्षण पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उक्त निविदा विज्ञप्ति को पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय की वेबसाइट/टेब पर प्रकाशित/प्रचारित कराने का कष्ट करें।

प्रतिलिपि—का निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं इस अनुरोध के साथ कि कृपया अपने स्तर से उक्त निविदा सूचना प्रचार—प्रसार कराने का कष्ट करें:—

1— जिलाधिकारी, मेरठ।

2— वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक, मेरठ/बागपत/हापुड/गौतमबुद्धनगर/गाजियाबाद/बुलन्दशहर

3— सेनानायक, 44वीं/6वीं वाहिनी पीएसी, मेरठ।

4— प्रतिसार निरीक्षक, पीटीएस मेरठ।

5— नोटिस बोर्ड।

**(महेश कुमार मिश्र)**
पुलिस उप महानिरीक्षक
पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ।

## निविदा सूचना का प्रारूप

उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रयोगार्थ आधुनिकीकरण योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित उपकरणों के क्रय हेतु तकनीकी एव वित्तीय भाव पत्र अलग–अलग मुहरबन्द आमंत्रित किये जाते है:–

| क0सं0 | उपकरण | संख्या | निविदा फार्म का मूल्य | | निविदा के साथ संलग्न अर्नेस्ट मनी | सम्पूर्ति का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | नकद | बैंक ड्राफ्ट/पोस्टल आर्डर द्वारा | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | **Deep frize 500k.g.** | **6** | **100** | **150** | निविदा में उपकरणों की कुल धनराशि का 2 प्रतिशत | पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ |
| 2 | **Multy Station exercise equipment** | **2** | **200** | **250** | –तदैव– | –तदैव– |
| 3 | **Tread Mill** | **5** | **200** | **250** | –तदैव– | –तदैव– |
| 4 | **Bench Press** | **2** | **100** | **150** | –तदैव– | –तदैव– |
| 5 | **Cycline** | **4** | **100** | **150** | –तदैव– | –तदैव– |
| 6 | **Leg Press** | **2** | **100** | **150** | –तदैव– | –तदैव– |
| 7 | **Electronic Twister** | **1** | **100** | **150** | –तदैव– | –तदैव– |
| 8 | **Electronic Vibration** | **1** | **100** | **150** | –तदैव– | –तदैव– |
| 9 | **Tummy fit** | **1** | **100** | **150** | –तदैव– | –तदैव– |

(1) प्रत्येक उपकरण की टेण्डर फीस (अलग–अलग) उपरोक्तानुसार निर्धारित है, जो नगद भुगतान पर पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। टेण्डर फार्म डाक द्वारा प्राप्त करने की स्थिति में बैंक ड्राफ्ट पुलिस उप महानिरीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ के पक्ष में बनवाकर कार्यालय में भेजकर डाक के माध्यम से भी टेण्डर फार्म प्राप्त किये जा सकते है। उक्त तालिका के क्रमांक 1 से 9 में अंकित उपकरणों हेतु प्रत्येक की अलग–अलग तकनीकी एवं वित्तीय भाव पत्र डाले जायेगें ।

(2) उपरोक्त से सम्बन्धित विज्ञप्ति एवं निविदा प्रपत्र सहित समस्त सूचनायें उ0प्र0 पुलिस विभाग की बेवसाइट www.uppolice.up.nic.in व सूचना विभाग की वेवसाइट www. information. up.nic.in पर उपलबध है। निविदा प्रपत्र वेव साइट से डाउनलोड किये जा सकते है। लेकिन टेण्डर जमा करने के साथ उसकी धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चैक पुलिस उप महानिरीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ के पक्ष में संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा से संबंधित कोई भी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ से प्राप्त की जा सकती है।

3– अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त निर्धारित निविदा प्रपत्र के अतिरिक्त अन्य किसी प्रपत्र पर प्रस्तुत निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। निविदा के साथ उपकरणों के सम्मुख दशाई गई अर्नेस्ट मनी जमा की जायेगी जो डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक, बैंक गारण्टी एवं एफ0डी0आर0 के रूप में पुलिस उप महानिरीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ के पक्ष में बनाकर प्रस्तुत की जायेगी। अर्नेस्टी मनी जमा करने से छूट के लिए दावा करने वाली फर्मो को उन उपकरणों जिनकी निविदायें उनके द्वारा डाली जा रही है, के संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत अर्नेस्ट मनी से छूट प्रदान करने का संबंधी प्रपत्र तकनीकी बीड के साथ उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है।

4– निविदा प्रपत्र के दो भाग है :– भाग ए– टैक्निकल बिड, भाग बी– फाइनेन्शियल बिड

भाग ए– टेक्निकल बिड का प्रयोग उपकरण के तकनीकी विवरण/विशिष्टताएं प्रस्तुत करने हेतु किया जायेगा जिसके साथ धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0, उपकरण का मॉडल सं0, उसकी विशिष्टताए, लीफलेटस् तथा अधिष्ठापन, क्रयोपरान्त सेवाये, वारण्टी अवधि, वारण्टी अवधि की समाप्ति के उपरान्त वार्षिक अनुरक्षण अनुबन्ध आदि का विवरण एवं अन्य वांछित प्रपत्र संलग्न किये जायेंगें।
भाग बी– फाइनेन्शिल बिड का प्रयोग केवल उपकरण, जिसका विवरण भाग–ए टेक्निकल बिड में अंकित है, का मूल्य अंकित करने हेतु किया जायेगा।
5– अधोहस्ताक्षरी किसी भी निविदा को बिना कारण बतायें आंशिक या पूर्ण रूप से अस्वीकार करने हेतु सक्षम होगें। अधोहस्ताक्षरी को क्रय किये जाने वाले उपकरणों की संख्या घटाने व बढाने का अधिकार होगा।

| | |
|---|---|
| 1– निविदा बिक्री की तिथि– | प्रकाशन की तिथि/वेबसाइट पर आने की तिथि से 23–9–2015 तक दोपहर 12 बजे तक |
| 2– निविदा प्राप्त होने की अन्तिम तिथि– | 23–9–2015 दोपहर 12 बजे तक |
| 3– निविदा बाक्स खोले जाने की तिथि– | 23–9–2015 दोपहर 13.00 बजे |
| 4– तकनीकी भाव पत्र खोले जाने की तिथि– | 23–9–2015 |
| 5–तकनीकी समिति की बैठक एवं उपकरणों के प्रदर्शन की तिथि– | 23–9–2015 सांयकाल 16.00 बजे |
| 6–वित्तीय भाव पत्र खोलने की तिथि– | तकनीकी समिति की आख्या प्राप्त होने पर निर्धारित की जायेगी एवं तदनुसार फर्मों को अवगत कराया जायेगा। |
| 7–वित्तीय क्रय समिति की बैठक की तिथि– | उपरोक्तानुसार |

(महेश कुमार मिश्र )
पुलिस उप महानिक्षक/अध्यक्ष क्रय समिति
पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ


उपकरणों के स्पेशीफिकेशन

| | ITEM | SPECIFICATIONS |
|---|---|---|
| 1. | MULTI GYM [ 6 HEAVY STATIONS] | • **STATIONS-**<br>1. LEG CURL + EXTENSION, 2. CABLE CROSS OVER, 3. LAT PULL DOWN, 4. PEC-DEC, 5. VERTICAL CHEST PRESS, 6. SHOULDER PRESS<br><br>• **PIPE THICKNESS – 3.2MM** [+-0.2] [10-11 GUAGE]<br>• **PIPE SIZE – 96MM X 48MM**<br>• **WEIGHT STACK PLATES – MS IRON** [5KG EACH]<br>• **CABLE WIRES – 4MM** [SOUTH KOREA OR TAIWAN]<br>• **PULLEY – 4" NYLON FIBER**<br>• **WEIGHT STACK ROD - EN 9/31 HARD CHROME 25 MICRON SOLID**<br>• **WEIGHT PLATE BUSH – TPU PLASTIC MATERIAL**<br>• **MOVEMENT BUSH – GUN METAL**<br>• **TOP PLATE BUSH – ALUMINIUM**<br>• **RAXENE – BEIGE COLOR HIGH DENSITY** |

| | | |
|---|---|---|
| | | • SEATS – 18MM PLY WITH HIGH DENSITY FOAM |

**MULTI GYM [6 HEAVY STATIONS]**





| | ITEM | SPECIFICATIONS |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| **2.** | **TREADMILL** | <br>**Treadmill**<br>**Model : EXF-TM-0813**<br>• USER WEIGHT CAPACITY 180 kg<br>• RUNNING SURFACE 22" x 64"<br>• MOTOR Heavy duty 3HP AC Motor<br>• DRIVE Schneider (Germany)<br>• SUSPENSION Silicon rubber system with 1" thick reversible board<br>• ROLLER 76.2mm (3") sealed bearing<br>• INCLINE RANGE 0 - 20% at 1% increment<br>• SPEED RANGE 0.8 - 20 km/h<br>• DISPLAY Dot Matrix LED<br>• READOUTS Speed, Distance, Time, Calories burn, Incline<br>• WARRANTY 2 YEARS<br>• **MOTOR POWER - 2.2 KW.** |

| | ITEM | SPECIFICATIONS |
|---|---|---|
| 3. | BENCH PRESS | • **PIPE THICKNESS – 3.2MM** [+-0.2] [10-11 GUAGE]<br>• **PIPE SIZE – 96MM X 48MM**<br>• **RAXENE – BEIGE COLOR HIGH DENSITY**<br>• **SEATS – 18MM PLY WITH HIGH DENSITY FOAM**<br> |

| | ITEM | SPECIFICATIONS |
|---|---|---|
| 4. | LEG PRESS | • **PIPE THICKNESS – 3.2MM** [+-0.2] [10-11 GUAGE]<br>• **PIPE SIZE – 96MM X 48MM**<br>• **ROD – 40MM EN 9/31 HARD CHROME 25 MICRON SOLID**<br>• **LINEAR BEARING MECHANISM**<br>• **RAXENE – BEIGE COLOR HIGH DENSITY**<br>• **SEATS – 18MM PLY WITH HIGH DENSITY FOAM**<br> |

| | ITEM | SPECIFICATIONS |
|---|---|---|
| **5.** | **TWISTER** | • **PIPE THICKNESS – 3.2MM** [+-0.2] [10-11 GUAGE]<br>• **PIPE SIZE – 96MM X 48MM**<br>• **RAXENE – BEIGE COLOR HIGH DENSITY**<br>• **SEATS – 18MM PLY WITH HIGH DENSITY FOAM**<br>• **BEARING – JAPANESE**<br> |

| | ITEM | SPECIFICATIONS |
|---|---|---|
| **6.** | **VIBRATOR** | <br>• **HEAVY DUTY COMMERCIAL VIBRATOR** |

| | ITEM | SPECIFICATIONS |
|---|---|---|
| **7.** | **TUMMY FIT** | • **AB DECLINE BENCH**<br>• **PIPE THICKNESS – 3.2MM** [+-0.2] [10-11 GUAGE]<br>• **PIPE SIZE – 96MM X 48MM**<br>• **RAXENE – BEIGE COLOR HIGH DENSITY**<br>• **SEATS – 18MM PLY WITH HIGH DENSITY FOAM**<br> |

| | ITEM | SPECIFICATIONS |
|---|---|---|
| **8.** | **EXERCISE BIKE** | • **SPIN BIKE**<br><br>**Flywheel size:** Fixed 48lb/22kg precision balanced chromium plated flywheel<br>**Resistance range:** Leather pad accompanied with easily adjustable tension control and stop button<br>**Pedals:** Easy to use dual pedals with toe clips and SPD cleat<br>**Seat:** Soft comfortable saddle, high resilience foam with vinyl covering<br>**Seat Post:** V-block friction locking system for easy seat and seat post adjustments<br>**Handlebars:** Ergonomically correct position and multi-positional comfort hand grips<br>**Crank:** Forged steel (oversized bottom bracket)<br>**Size** (L x W x H) 107 x 54 x 103cm<br>**Weight:** 64kg<br>**Max. user weight** 135kg |

टेण्डर की शर्तेः–

1– निम्नलिखित उपकरणों के क्रय हेतु तकनीकी एव वित्तीय भाव पत्र अलग–अलग मुहरबन्द आमंत्रित किये जाते हैः–

| क्र0सं0 | उपकरण | संख्या | निविदा फार्म का मूल्य | | निविदा के साथ संलग्न अर्नेस्ट मनी | सम्पूर्ति का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | नकद | बैंक ड्राफ्ट/पोस्टल आर्डर द्वारा | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | **Deep frize 500k.g.** | **6** | **100** | **150** | **निविदा में उपकरणों की कुल धनराशि का 2 प्रतिशत** | **पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ** |
| 2 | **Multy Station exercise equipment** | **2** | **200** | **250** | –तदैव– | –तदैव– |
| 3 | **Tread Mill** | **5** | **200** | **250** | –तदैव– | –तदैव– |
| 4 | **Bench Press** | **2** | **100** | **150** | –तदैव– | –तदैव– |
| 5 | **Cycline** | **4** | **100** | **150** | –तदैव– | –तदैव– |
| 6 | **Leg Press** | **2** | **100** | **150** | –तदैव– | –तदैव– |
| 7 | **Electronic Twister** | **1** | **100** | **150** | –तदैव– | –तदैव– |
| 8 | **Electronic Vibration** | **1** | **100** | **150** | –तदैव– | –तदैव– |
| 9 | **Tummy fit** | **1** | **100** | **150** | –तदैव– | –तदैव– |

(1) प्रत्येक उपकरण की टेण्डर फीस (अलग–अलग) उपरोक्तानुसार निर्धारित है, जो नगद भुगतान पर पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। टेण्डर फार्म डाक द्वारा प्राप्त करने की स्थिति में बैंक ड्राफ्ट पुलिस उप महानिरीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ के पक्ष में बनवाकर कार्यालय में भेजकर डाक के माध्यम से भी टेण्डर फार्म प्राप्त किये जा सकते है। उक्त तालिका के क्रमांक 1 से 9 में अंकित उपकरणों हेतु प्रत्येक की अलग–अलग तकनीकी एवं वित्तीय भाव पत्र डाले जायेगें परन्तु उसे प्रत्येक उपकरण हेतु अलग–अलग निविदा फार्म क्रय करना होगा।

(2) उपरोक्त से सम्बन्धित विज्ञप्ति एवं निविदा प्रपत्र सहित समस्त सूचनायें उ0प्र0 पुलिस विभाग की बेवसाइट www.uppolice.up.nic.in व सूचना विभाग की वेवसाइट www. information. up.nic.in पर उपलबध है। निविदा प्रपत्र वेव साइट से डाउनलोड किये जा सकते है। लेकिन टेण्डर जमा करने के साथ उसकी धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चैक पुलिस उप महानिरीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ के पक्ष में संलग्न करना अनिवार्य होगा।

3– अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त निर्धारित निविदा प्रपत्र के अतिरिक्त अन्य किसी प्रपत्र पर प्रस्तुत निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। निविदा के साथ उपकरणों के सम्मुख दशाई गई अर्नेस्ट मनी जमा की जायेगी जो डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक, बैंक गारण्टी एवं एफ0डी0आर0 के रूप में पुलिस उप महानिरीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ के पक्ष में बनाकर प्रस्तुत की जायेगी। अर्नेस्टी मनी जमा करने से छूट के लिए दावा करने वाली फर्मों को उन उपकरणों जिनकी निविदायें उनके द्वारा डाली जा रही है, के संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत अर्नेस्ट मनी से छूट प्रदान करने का संबंधी प्रपत्र तकनीकी बीड के साथ उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है।

4– निविदा प्रपत्र के दो भाग है :– भाग ए– टैक्निकल बिड, भाग बी– फाइनेन्शियल बिड

भाग ए– टेक्निकल बिड का प्रयोग उपकरण के तकनीकी विवरण/विशिष्टताएं प्रस्तुत करने हेतु किया जायेगा जिसके साथ धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0, उपकरण का मॉडल सं0, उसकी विशिष्टताए, लीफलेटस् तथा अधिष्ठापन, क्रयोपरान्त सेवाये, वारण्टी अवधि, वारण्टी अवधि की समाप्ति के उपरान्त वार्षिक अनुरक्षण अनुबन्ध आदि का विवरण एवं अन्य वांछित प्रपत्र संलग्न किये जायेंगें।

भाग बी– फाइनेन्शिल बिड का प्रयोग केवल उपकरण, जिसका विवरण भाग–ए टेक्निकल बिड में अंकित है, का मूल्य अंकित करने हेतु किया जायेगा।

5– निविदा दाता द्वारा टेक्निकल बिड प्रत्येक (उपकरण के तकनीकी विवरण एवं विशिष्टतायें) और फाइनेन्शियल बिड अलग–अलग सीलबन्द लिफाफे पर ऊपर की ओर मूल प्रति (Original) तथा द्वितीय प्रति के लिफाफें पर द्वितीय प्रति (Duplicate) अंकित किया जाना अनिवार्य है। प्रत्येक लिफाफे पर ऊपर की ओर निविदाकर्ता का नाम, उपकरण का नाम तथा नोटिफिकेशन संख्या अंकित किया जाना अनिवार्य है। प्रत्येक बिड के मूल्यांकन हेतु केवल मूल प्रति का लिफाफा ही खोला जायेगा तथा द्वितीय प्रति के लिफाफे, उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सीलबन्द कर दिये जायेंगें।

6– टेक्निकल बिड की मूल प्रति के साथ धरोहर धनराशि का ड्राफ्ट संलग्न किया जायेगा जो पुलिस उप महानिरीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ को देय होगा। धरोहर धनराशि किसी अन्य रूप में स्वीकार किया जाना सम्भव नही होगा। बिड के लिफाफे पर स्पष्ट रूप से अंकित किया जायेगा कि धरोहर धनराशि का बैंक ड्राफ्ट संलग्न है। डी0आई0 कानपुर अथवा डी0जी0एस0 एण्ड डी0 नई दिल्ली अथवा यू0पी0एस0आई0सी0 कानपुर अथवा एन0एस0आई0सी0 नई दिल्ली अथवा डिफेन्स में पंजीकरण के आधार पर धरोहर धनराशि जमा करने से छूट की अपेक्षा करने वाले निविदाकर्ता द्वारा सम्बन्धित प्राधिकारी की ओर से प्रदत्त इस आशय का प्रमाण–पत्र संलग्न किया जायेगा।

7– अपूर्ण अथवा वांछित तकनीकी विशिष्टतायें पूरा न करने वाली अथवा अपेक्षित धरोहर धनराशि के बैंक ड्राफ्ट/एफ.डी0आर0 से रहित निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। जिस फर्म द्वारा जितने आईटमों के लिए निविदा दी जायेगी, सभी आईटमों के लिए निविदा धनराशि के 02 प्रतिशत की दर से अलग–अलग बैंक ड्राफ्ट/एफडीआर टैक्निकल बिड के साथ जमा करना होगा।

8– निविदादाता द्वारा उपकरण के निविदा प्रपत्र में अंकित माडल हेतु ही निविदा प्रस्तुत की जायेगी। निविदा प्रपत्र में अंकित मॉडल से भिन्न माडल हेतु प्रस्तुत निविदा अस्वीकृत कर दी जायेगी। निविदादाता द्वारा उपकरण के प्रश्नगत माडल के साथ श्रेष्ठकर विकल्प का उल्लेख निविदा में किया जा सकता है जिस पर विचार करने का अधिकार क्रय समिति का होगा।

9– निविदाकर्ता को निविदा प्रेषित करते समय यह भी प्रमाण–पत्र देना होगा कि वह प्रस्तावित आपूर्ति उपकरण सम्बन्धी फर्म के स्वयं अधिकृत वितरक/विक्रेता है। यदि निविदा में अंकित उपकरण प्रोपराइटरी आईटम है तो निविदादाता को उसके सम्बन्ध में प्रोपराइटरी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

10– निविदादाता द्वारा फाइनेन्शियल बिड में उपकरण का मूल्य सभी प्रकार के कर एवं व्यय आदि को सम्मिलित करते हुए निश्चित धनराशि के रूप में अंकित किया जायेगा। उपकरण का मूल्य एवं वैट टैक्स तथा अन्य टैक्स वित्तीय बिड में अलग–अलग कॉलम में अंकित किये जायेंगें। बिल प्रस्तुत करते समय अथवा भुगतान करते समय केवल निविदा स्वीकार किये जाने के समय तय की गई धनराशि ही देय होगी। अन्य किसी कर/व्यय का भुगतान किसी भी दशा में सम्भव नही होगा। उपकरण/साफ्टवेयर विदेशी होने की दशा में एक्सपोर्ट/इम्पोर्ट आदि डियूटी के संबंध में स्पष्ट अंकित किया जायेगा कि कितने प्रतिशत डियूटी ली जा रही है। यदि सरकारी कार्य/प्रशिक्षण संस्थानों के लिए इम्पोर्ट डियूटी को माफ या कम किये जाने का प्रावधान होगा तो निविदाकर्त्ता को अपनी वित्तीय बिड में स्पष्ट अंकित करना होगा तथा इम्पोर्ट डियूटी को माफ या कम किये जाने के संबंध में समस्त कार्यवाही संबंधित फर्म द्वारा सम्पन्न की जायेगी एवं यदि उसके लिए किसी प्रमाण पत्र या अन्य प्रपत्र की आवश्यकता होगी तो उसे कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा तथा उसके लिए संबंधित फार्मेट भी निविदाकर्त्ता को उपलब्ध कराना होगा।

11– केन्दीय बिक्रीकर / उ0प्र0 व्यापार कर हेतु पंजीकृत निविदादाताओं द्वारा टेक्निकल बिड के साथ केन्द्रीय बिक्रीकर / उ0प्र0 व्यापार कर पंजीकरण प्रमाण–पत्र संलग्न किया जायेगा तथा आयकर सम्बन्धी पैन नम्बर भी अंकित किया जायेगा।

12– स्वदेशी निर्मित उपकरण के मामले में निविदादाता को अपने सम्बन्धित प्रदेश के उद्योग निदेशालय का पंजीकरण प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

13– आयातित उपकरण के मामले में निविदादाता केवल उन्ही उपकरण हेतु निविदा कर सकते है जिनके लिये वे अधिकृत डीलर / वितरक है। उन्हें विदेशी निर्माता की ओर से इस आशय का मूल अधिकार पत्र प्रस्तुत करना होगा कि –

(1) निविदादाता सम्बन्धित उपकरण/साफ्टवेयर की आपूर्ति हेतु विदेशी निर्माता कम्पनी का अधिकृत डीलर / वितरक है।

(2) प्रश्नगत उपकरण/साफ्टवेयर सम्बन्धित विदेशी कम्पनी द्वारा निर्माण किया जाता है।

(3) सम्बन्धित अधिकृत डीलर/वितरक विदेशी निर्माता कम्पनी अथवा उसके अधिकृत वितरक द्वारा उसकी ओर से भारत में निविदा प्रस्तुत करने के लिये अधिकृत है।

14– निविदा में यह स्पष्ट उल्लेख किया जाना आवश्यक होगा कि उपकरण के प्रयोगार्थ कन्ज्यूमेबल आईटम्स तथा स्पेयर पार्टस की आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी।

15– निविदादाता द्वारा उपकरण की वारण्टी अवधि एक वर्ष से कम नही होगी, वारण्टी की सीमा तथा क्रयोपरान्त सेवाओं का विवरण उपलब्ध कराया जायेगा। आपूर्तिकर्ता फर्म/अभिकर्ता, आपूर्ति किये जा रहे उपकरण के उपयोग के सम्बन्ध में समुचित अवधि हेतु प्रशिक्षण देने के लिये भी बाध्य होगें। यदि वारण्टी अवधि में किसी उपकरण में कोई दोष उत्पन्न होता है तो आपूर्तिकर्ता द्वारा 72 घंटे के अन्दर दोष निवारण किया जोयगा अथवा स्टेण्ड–बाई व्यवस्था की जायेगी अथवा नया उपकरण उपलब्ध कराया जायेगा। प्रशिक्षण क्रयोपरान्त सेवाएं तथा वारण्टी सम्बन्धी सभी सुविधाएं पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ में प्रदान की जायेंगी।

16– वारण्टी अवधि के उपरान्त वार्षिक अनुरक्षण अनुबन्ध की दर एवं शर्तो / प्रतिबन्धों का विवरण भी निविदा में उल्लिखित किया जाना आवश्यक है। निविदा स्वीकृत हो जाने के उपरान्त आपूर्तिकर्ता को इस आशय का अनुबन्ध करना होगा कि वारण्टी अवधि के उपरान्त निर्धारित दर एवं शर्तो /प्रतिबन्धों के अन्तर्गत वार्षिक अनुरक्षण अनुबन्ध किया जायेगा। वार्षिक अनुरक्षण अनुबन्ध सम्बन्धी यह अनुबन्ध पुलिस अकादमी उ0प्र0 मुरादाबाद के लिये बाध्यकारी नही होगा।

17– निविदा दिनांक 23–9–2015 को 1200 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ में स्वीकार की जायेगी। निविदाएं दिनांक 23–9–2015 को निविदादाताओं/उनके अभिकर्ताओं के समक्ष दोपहर 1300 बजे पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ में खोली जायेंगी।

18– निविदा डाक द्वारा भी भेजी जा सकती है परन्तु किसी भी माध्यम से भेजी गई निविदा का निर्धारित समय सीमा में पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ पहुॅचने का उत्तरदायित्व पूर्णरूपेण निविदादाता का होगा। निर्धारित समय सीमा के उपरान्त प्राप्त निविदा पर किसी भी दशा में विचार किया जाना सम्भव नही होगा।

19– निविदा खोले जाने की तिथि 23–9–2015 को दोपहर 1600 बजे टेक्निकल बिड खोली जायेगी। टेक्निकल बिड के मूल्यांकन के समय दिनॉक 23.9..2015 को ही उपकरण के प्रदर्शन का कार्य किया जायेगा। टेक्निकल बिड के मूल्यांकन एवं उपकरण के प्रदर्शन के बाद वित्तीय बिड बाद में खोली जायेगी जिसकी सूचना बाद में दी जायेगी ।

20– तकनीकी निरीक्षण /प्रदर्शन हेतु अतिरिक्त समयावधि की मॉग पर विचार किया जाना सम्भव नही होगा। उपकरण का तकनीकी निरीक्षण कराये जाने में असमर्थ पाये गये निविदादाता की निविदा निरस्त कर दी जायेगा।

21– उपकरण के क्रय हेतु गठित क्रय समिति न्यूनतम निविदा स्वीकार करने के लिये बाध्य नही है। किसी भी निविदा को पूर्णतः या उसके किसी भाग को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार क्रय समिति हो होगा।

22– क्रय किये जाने वाले उपकरण की संख्या में परिवर्तन का अधिकार क्रय समिति को होगा।

23– स्वीकृत निविदाओं के निविदादाताओं द्वारा आपूर्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रारूप में रू0 100/– के नान जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर क्रय अनुबन्ध किया जायेगा तथा बैंक ड्राफ्ट/सावधि जमा रसीद / एफ0डी0आर0/बैंक गारण्टी के रूप में उपकरण के मूल्य के 10 प्रतिशत के बराबर धनराशि पुलिस उप महानिरीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ के पक्ष में बन्धक के रूप में जमा की जायेगी। जो उपकरण की वारण्टी अवधि तक जमा रहेगी तथा इस अवधि में उपकरण के सन्तोषजनक कार्य करने के उपरान्त आपूर्तिकर्ता फर्म को वापस कर दी जायेगी।

24– यदि किसी कारण से आपूर्ति के स्रोत में टैक्स या डयूटी घटती है तो आपूर्ति कर्ता द्वारा मूल्य तदानुसार घटाया जायेगा।

25– स्वीकृत निविदाओं के निविदादाताओं द्वारा उपर्युक्त अंकित क्रय अनुबन्ध करने के उपरान्त उपकरण की आपूर्ति /अधिष्ठापन के साथ तीन प्रतियों में बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत किया जायेगा।

26– यदि निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर निविदादाता द्वारा क्रय अनुबन्ध एवं जमानत धनराशि प्रस्तुत नही की जाती है अथवा क्रय अनुबन्ध के उपरान्त निर्धारित समय सीमा के अन्दर उपकरण की आपूर्ति/अधिष्ठापन सम्बन्धी कार्यवाही सम्पन्न नही की जाती है तो धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी तथा आपूर्ति कर्ता फर्म को काली सूची में सम्मिलित किये जाने हेतु कार्यवाही की जायेगी।

27– आपूर्ति किये जाने वाले उपकरण पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ में ही स्वीकार किये जायेगें तथा इसके लिये अलग से कोई यातायात, पैकेजिंग तथा इंश्योरेन्स व्यय आदि देय नही होंगें। निर्धारित गंतव्य स्थान तक उपकरणों को भेजने अथवा उसके प्रतिस्थापन पर होने वाला व्यय भार निविदादाताओं द्वारा ही वहन किया जायेगा।

28– उपकरण की आपूर्ति /अधिष्ठापन के उपरान्त निविदादाता द्वारा आवश्यकतानुसार सम्बन्धित इकाई के कर्मियों को उपकरण के रख रखाव एवं संचालन के सम्बन्ध में समुचित अवधि का प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था भी की जायेगी । इसके अतिरिक्त आपरेटिंगमैन्यूवल एवं अन्य प्रशिक्षण सामग्री प्रदान करना होगा। जिसके लिये अलग से कोई व्यय देय नही होगा। प्रशिक्षण की अवधि को अपनी निविदा में अंकित करना होगा। उपकरण का प्रशिक्षण संबंधित कार्यालय पर देना होगा।

29– सभी उपकरण एवं सहवर्ती उपकरणों की आपूर्ति /अधिष्ठापन के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा। परिस्थितिवश भुगतान के विलम्ब के लिये कोई ब्याज/अधिभार देय नही होगा।

30– कोई भी विवाद मेरठ के न्यायिक क्षेत्र में ही विचारणीय होगा।

31– निविदा प्रपत्र में संलग्न शर्तो एवं प्रतिबन्धों को दृष्टिगत रखते हुए ही निविदा प्रस्तुत की जानी चाहिये। इन शर्तो एवं प्रतिबन्धों का उल्लंघन करते हुए प्रस्तुत की गई निविदा निरस्त की जा सकती है।

32– टेक्निकल बिड के खुलने के उपरान्त निविदादाता को प्रस्तावित उपकरणों को प्रदर्शित करना होगा व कैटलाग भी देना होगा।

33– निविदादाताओं को टेक्निकल बिड के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करना होगा –

1– टेक्निकल प्रमाण पत्र, 2– कम्पनी/डीलर को वैट रजिस्ट्रेशन,

3– सर्विस टैक्स रजिस्ट्रेशन, 4– पैन नम्बर।

34– कम्पनी / डीलर का कार्यालय व सर्विस सेन्टर यू0पी0/दिल्ली/एन0सी0आर0 में होना चाहियें।

35– उपकरण अत्याधुनिक संस्करण का हो एवं श्रेष्ठ गुणवत्ता का हो।

36. उपकरण विश्वसनीय फर्म द्वारा निर्मित हो एवं स्थानीय स्तर पर एसेम्बल्ड किया हुआ न हो।

37– निविदा खुलने के दिनांक से 90 दिवस तक निविदाकर्ताओं द्वारा अपनी निविदाये/ आमंत्रण खुली/ स्थिर रखनी होंगी।

(महेश कुमार मिश्र )
पुलिस उप महानिक्षक/अध्यक्ष क्रय समिति
पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ

(टेक्नीकल बिड)

पुलिस उप महानिक्षक/अध्यक्ष क्रय समिति
पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ

महोदय,

मैंने नीचे अंकित उपकरणों की आपूर्ति किये जाने के संबंध में आपके स्तर से प्रकाशित निविदा सूचना का अध्ययन किया एवं निम्नलिखित उपकरणों की आपूर्ति हेतु निविदा प्रस्तुत कर रहा हूॅः–

| क0सं0 | उपकरण | उपकरण की संख्या | अर्नेष्ट मनी | तकनीकी स्पेशिफिकेशन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | **Deep frize 500k.g.** | 6 | निविदा धनराशि की 2 प्रतिशत | |
| 2 | **Multy Station exercise equipment** | 2 | निविदा धनराशि की 2 प्रतिशत | |
| 3 | **Tread Mill** | 5 | निविदा धनराशि की 2 प्रतिशत | |
| 4 | **Bench Press** | 2 | निविदा धनराशि की 2 प्रतिशत | |
| 5 | **Cycline** | 4 | निविदा धनराशि की 2 प्रतिशत | |
| 6 | **Leg Press** | 2 | निविदा धनराशि की 2 प्रतिशत | |
| 7 | **Electronic Twister** | 1 | निविदा धनराशि की 2 प्रतिशत | |
| 8 | **Electronic Vibration** | 1 | निविदा धनराशि की 2 प्रतिशत | |
| 9 | **Tummy fit** | 1 | निविदा धनराशि की 2 प्रतिशत | |

2– आपूर्ति हेतु प्रस्तावित उपकरणों के लिए निविदा में अंकित धरोहर धनराशि के रूप में पुलिस उप महानिरीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ के पक्ष में देय बैंक ड्राफ्ट संलग्न है।

3– प्रकाशित निविदा सूचना में अपेक्षित अभिलेख निविदा खुलने के उपरान्त क्रय समिति के समक्ष प्रस्तुत करूंगा।

4– इस निविदा आवेदन पत्र के साथ संलग्न निविदा सूचनाः व–8/2015 दिनांकित 07–9–2015 में क्रय हेतु प्रस्तावित उपकरणों का विवरण तथा बिन्दु सं0 1 से 9 तक उल्लिखित उपकरणों से संबंधित नियम/शर्तों का गहनता पूर्वक अध्ययन कर लिया गया है तथा सभी शर्तें बिना किसी आपत्ति के स्वीकार है।

5– आपूर्ति हेतु प्रस्तावित उपकरणों के विक्रय बिड में अंकित मूल्य बाजार भाव/दर अनुबंध पर आधारित है।

6– क्रय हेतु प्रस्तावित एवं निर्धारित स्पेशिफिकेशन युक्त उपकरणों के विवरण में अंकित निम्न उपकरणों की निविदा प्रस्तुत की जा रही है।

7– नोटः– यदि निविदा दाता के पास उपर्युक्त स्पेशिफिकेशन के अतिरिक्त अन्य कोई विवरण उपलब्ध हो तो उसका विस्तृत विवरण निविदा आवेदन पर अपने लेटर पेड पर अंकित करके प्रेषित कर सकते है।

दिनांकः

निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम/शील
एवं व्यापार कर/आयकर/बिक्रीकर का पंजीकरण संख्या

(फाईनेन्सियल बिड)

पुलिस उप महानिक्षक/अध्यक्ष क्रय समिति
पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ

महोदय,

मैंने नीचे अंकित उपकरणों की आपूर्ति किये जाने के संबंध में आपके स्तर से प्रकाशित निविदा सूचना का अध्ययन किया एवं निम्नलिखित उपकरणों की आपूर्ति हेतु निविदा प्रस्तुत कर रहा हूँः–

| क0सं0 | उपकरण | उपकरण की संख्या | अर्नेष्ट मनी | तकनीकी स्पेशिफिकेशन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | **Deep frize 500k.g.** | **6** | निविदा धनराशि की 2 प्रतिशत | |
| 2 | **Multy Station exercise equipment** | **2** | निविदा धनराशि की 2 प्रतिशत | |
| 3 | **Tread Mill** | **5** | निविदा धनराशि की 2 प्रतिशत | |
| 4 | **Bench Press** | **2** | निविदा धनराशि की 2 प्रतिशत | |
| 5 | **Cycline** | **4** | निविदा धनराशि की 2 प्रतिशत | |
| 6 | **Leg Press** | **2** | निविदा धनराशि की 2 प्रतिशत | |
| 7 | **Electronic Twister** | **1** | निविदा धनराशि की 2 प्रतिशत | |
| 8 | **Electronic Vibration** | **1** | निविदा धनराशि की 2 प्रतिशत | |
| 9 | **Tummy fit** | **1** | निविदा धनराशि की 2 प्रतिशत | |

2– प्रकाशित निविदा सूचना में अपेक्षित अभिलेख निविदा खुलने के उपरान्त क्रय समिति के समक्ष प्रस्तुत करूंगा।

3– इस निविदा आवेदन पत्र के साथ संलग्न निविदा सूचना : व–8/2015 दिनांकित 07–09–2015 में क्रय हेतु प्रस्तावित उपकरणों का विवरण तथा बिन्दु सं0 1 से 9 तक उल्लिखित उपकरणों से संबंधित नियम/शर्तों का गहनता पूर्वक अध्ययन कर लिया गया है तथा सभी शर्तें बिना किसी आपत्ति के स्वीकार है।

4– आपूर्ति हेतु प्रस्तावित उपकरणों के विक्रय बिड में अंकित मूल्य बाजार भाव/दर अनुबंध पर आधारित है।

5– क्रय हेतु प्रस्तावित एवं निर्धारित स्पेशिफिकेशन युक्त उपकरणों के विवरण में अंकित निम्न उपकरणों की निविदा प्रस्तुत की जा रही है।

दिनांकः

निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम/शील
एवं व्यापार कर/आयकर/बिक्रीकर का पंजीकरण संख्या